हल्दी से बच्चों में कैंसर का उपचार

संदर्भ

भारतीय व्यंजनों में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली हल्दी में कैंसर प्रतिरोधक गुण पाए जाते हैं। हाल ही में अमेरिका में वैज्ञानिकों ने करक्यूमिन (Curcumin) के एक और उपयोग का पता लगाया है।

प्रमुख बिंदु

- करक्यूमिन हल्दी में पाए जाने वाला एक जैवसक्रिय घटक है, जिसका उपयोग बच्चों में कैंसर के उपचार के लिये किया जा सकता है।
- नेमोर्स चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल फ्लोरिडा के शोधकर्त्ताओं ने पता लगाया है कि करक्यूमिन के सूक्ष्म कण न्यूरोब्लास्टोमा ट्यूमर कोशिकाओं को नष्ट कर सकता है। आमतौर पर यह बीमारी पाँच वर्ष या उससे कम आयु के बच्चों में होती है।
- करक्यूमिन में कैंसर से लड़ने की पर्याप्त क्षमता है, लेकिन इसकी कम विलेयता और कमज़ोर स्थिरता ने चिकित्सकीय अनुप्रयोगों में इसके उपयोग को सीमित कर रखा है।

हल्दी के कुछ महत्त्वपूर्ण उपयोग

- हल्दी में एक खास रसायन पाया जाता है, जिसे करक्यूमिन कहते हैं। यह कैंसर की कोशिकाओं को नष्ट करने में सक्षम है।
- हल्दी के सेवन से शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र मज़बूत होता है।
- यह ट्यूमर से बचाता है।
- यह शरीर में सूजन को ठीक करता है।
- यह गठिया रोग में दर्द से राहत दिलाता है।
- कच्ची हल्दी का सेवन इन्सुलिन के स्तर को संतुलित बनाए रखता है।
- इसमें एंटी-बैक्टीरियल एवं एंटी-सेप्टिक गुण पाए जाते हैं, जिससे यह त्वचा के रोगों से बचाता है।
- यह जिगर को भी स्वस्थ रखता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/turmeric-can-treat-cancer-in-children